भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 835
25 जुलाई, 2023 को उत्तर के लिए नियत

"भारी उद्योगों की स्थापना"

835. डॉ. जयसिद्देश्वर शिवाचार्य स्वामीजी:
श्री कनकमल कटारा:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र के सोलापुर जिले सहित राजस्थान और महाराष्ट्र राज्यों में स्थापित भारी उद्योगों की संख्या और ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का देश के विभिन्न हिस्सों में सरकारी और निजी क्षेत्र के माध्यम से भारी उद्योग स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का देश में भारी उद्योगों के विकास के लिए कोई नई राष्ट्रीय नीति बनाने का विचार है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) और (ख): चूंकि उद्योग राज्य का विषय है, इसलिए भारी उद्योग मंत्रालय राजस्थान और महाराष्ट्र राज्य सहित देश के किसी भी भाग में सरकारी और निजी क्षेत्र के माध्यम से भारी उद्योगों की स्थापना से संबंधित कोई केन्द्रीकृत आंकड़े नहीं रखता।

(ग): भारी उद्योग मंत्रालय के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****